## खबर संक्षेप

### रथयात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**विदिशा।** इस्कॉन विदिशा द्वारा 27 जून को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर तैयारियों व जानकारी साझा करने आज सुबह 11 बजे दुर्गानगर रोड स्थित महाराणा प्रताप कॉलेज के सामने इस्कॉन सेंटर पर बैठक आयोजित की गई है। अध्यक्ष, इस्कॉन मंदिर विदिशा राधाभाव गौर प्रभुजी के अध्यक्ष राधाभाव गौर प्रभुजी ने बैठक में उपस्थित होकर रथयात्रा से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि इस्कॉन मंदिर का निर्माण अहमदपुर रोड स्थित तुलसी गार्डन के सामने किया जा रहा है।

### जागरूकता एवं निःशुल्क जांच शिविर 21 को

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में 21 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया एवं हीमोफीलिया जैसी अनुवांशिक व जन्मजात रक्त विकारों के लक्षणों की पहचान, रोकथाम व निदान हेतु जागरूकता एवं निःशुल्क जांच शिविर लगेगा। यह शिविर फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुरुग्राम, ग्लोबल इंटीग्रेटेड फाउंडेशन फॉर थैलेसीमिया, हीमोफीलिया सोसाइटी भोपाल, आईएमए विदिशा, आईएपी विदिशा, जीएमसी एलुमिनी भोपाल व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

### आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया फिर से प्रारंभ

**विदिशा।** जिले की समस्त शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025-26 हेतु पंजीयन 17 जून से पुनः प्रारंभ हो गए हैं। आईटीआई के प्रभारी प्राचार्य आलोक रावत ने बताया की जिले की समस्त शासकीय आईटीआई में 35 प्रतिशत सीटें महिलाओं हेतु आरक्षित की गई हैं। जिससे की बेटियों में आईटीआई के प्रति रुचि बढ़े एवं बेटियां भी कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर सकें। इच्छुक आवेदक विभाग की वेबसाइट https://mpiti-counseling.co.in/ पर जाकर अथवा शासकीय आईटीआई विदिशा की हेल्पडेस्क पर संपर्क कर पंजीयन कर सकते हैं।

### अम्बानगर में नर्सरी स्थापना की तैयारी पूरी

**विदिशा।** नवांकुर संस्था व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अम्बानगर द्वारा नर्सरी की स्थापना, बीजरोपण नवांकुर संस्था व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अम्बानगर द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं। मप्र जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित नवांकुर संस्था रुद्राक्ष ह्यूमन वेलफेयर समिति के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अम्बानगर द्वारा ग्राम में नर्सरी की स्थापना की गई है। इस नर्सरी से जो पौधे तैयार किए जाएंगे उनका निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

### शिविर लगाकर लोगों किया जा रहा लाभान्वित

**विदिशा।** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विदिशा जिले में भी तीस जून तक जिले के चिन्हित 86 ग्रामों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों का शत प्रतिशत सैचुरेशन उद्देश्यों की पूर्ति इस अभियान के अन्तर्गत शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान, जनधन खाता के वितरण के साथ ही विभिन्न प्रकार के रोग और उसके परीक्षण के विषय में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान भारत, कार्ड जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान, जनधन खातों के विवरण के साथ ही शिविर के माध्यम से रोगों का परीक्षण चिकित्साको द्वारा कर आम जनता को जागरूक किया गया।

**निरीक्षण:** कलेक्टर ने शमशाबाद पहुंचकर सरकारी व निजी गोदामों की जांच की

# मार्कफेड वेयरहाउस और निजी खाद दुकानों में अनियमितताएं उजागर, यूरिया स्टॉक में गड़बड़ी

कलेक्टर के निरीक्षण से जिले में खाद वितरण में व्याप्त अनियमितताओं की पोल खुली है। इससे शासन को खाद वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में कार्रवाई करने का अवसर मिलेगा।



विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निरीक्षण के दौरान भारी कमियां उजागर होने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में खाद की कालाबाजारी और अनियमित वितरण को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने शमशाबाद क्षेत्र के डबल लॉक मार्कफेड वेयरहाउस तथा निजी खाद-बीज विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरकारी स्टॉक पर आवश्यक सीलिंग, स्टॉक की पारदर्शिता तथा एमआरपी पर विक्रय की अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### सरकारी खाद बोरियों पर सील अनिवार्य

कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में विक्रय हेतु भेजी जा रही सभी शासकीय खाद बोरियों पर शासकीय विक्रय केंद्र - मार्कफेड विदिशा की सील अनिवार्य रूप से लगी होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान सीलिंग प्रक्रिया की जांच भी की गई। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में रखे गए 7079 पैकेट ट्राइकोडर्मा (बायोफर्टिलाइज़र) एक्सपायरी डेट के पाए गए, जिन्हें नियमानुसार नष्ट नहीं किया गया था। यह लापरवाही सुरक्षा और गुणवत्ता के मानकों का उल्लंघन है। एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल के नेतृत्व में की गई जांच के आधार पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने दोषियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने और किसानों को सही दर पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि काम में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। दोषियों पर कार्रवाई के लिए उन्होंने एसडीएम को जांच के निर्देश दिए हैं।

### निजी विक्रेता के गोदाम में स्टॉक गड़बड़ी उजागर

शमशाबाद के नसरतगढ़ में संचालित राधारानी ट्रेडर्स नामक निजी खाद विक्रेता की दुकान का भी निरीक्षण किया गया। विक्रय रजिस्टर और स्टॉक मिलान के आधार पर पाया गया कि दुकान में 54 बोरी डीएपी अतिरिक्त और 202 बोरी यूरिया कम मिली। इस संबंध में कोई वैध दस्तावेज या वितरण रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराए गए।

### सरकारी वेयरहाउस में भी मिली गड़बड़ी

नसरतगढ़ स्थित शासकीय मार्कफेड वेयरहाउस में निरीक्षण के दौरान 80 बोरी एसएसपी खाद कम पाई गई, जिसका कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं था। इसके साथ ही एक किसान भीम सिंह मैना द्वारा दी गई शिकायत में बताया गया कि उसने 2 बोरी एनपीके खाद खरीदी जिन पर एमआरपी 1470 अंकित था, लेकिन उससे 3440 वसूले गए। इस पर संबंधित ऑपरेटर ने दलील दी कि बोरियों पर पुराना रेट अंकित था।

ग्रेडिंग सूची जारी होने में 2 दिन, विभागों को निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में गिरावट नहीं हो: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले की सीएम हेल्पलाइन मासिक ग्रेडिंग रैंकिंग में किसी भी प्रकार की गिरावट को रोकने के लिए सभी विभागों को सजग और सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में उन्होंने समस्त एसडीएम को भी जरूरी निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा आवेदनों के निराकरण में कोई भी चूक या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी विभाग में ऐसी स्थिति पाई गई तो संबंधित जिला अधिकारी और अधीनस्थों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे न केवल स्वयं सजग रहें, बल्कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी अनुशासित और परिणामोन्मुख कार्य के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने यह भी स्मरण दिलाया कि जिले ने पूर्व में विभिन्न विभागों की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के बल पर प्रदेश की टॉप-5 जिलों की रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया था। इस स्तर को बनाए रखने के लिए अभी से विशेष प्रयास करने होंगे।

### अपर कलेक्टर ने दिए स्पष्ट निर्देश

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची जारी होने में केवल दो दिन शेष हैं। इस अवधि में मई माह की लंबित शिकायतों का अधिकतम निराकरण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे प्रतिदिन शाम को अपनी अद्यतन स्थिति साझा करें, जिसमें निम्न जानकारी अनिवार्य रूप से हो।

### बेतवा नदी में मिला नवजात का शव

**विदिशा।** मुक्तिधाम के पास स्थित बेतवा नदी घाट पर बुधवार दोपहर एक नवजात बच्चे का शव पानी में उतराता हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और होमगार्ड की मदद से नवजात के शव को बाहर निकाला। इसके बाद शव को जिला अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस के मुताबिक नवजात की उम्र करीब तीन दिन प्रतीत हो रही है। खास बात यह रही कि उसकी नाभी नाल में जन्म के समय लगाई जाने वाली क्लिप अभी भी लगी हुई थी। इससे स्पष्ट होता है कि बच्चे का जन्म हाल ही में हुआ और संभवतः उसे जन्म के तुरंत बाद ही यहां फेंक दिया गया। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया जिले के अस्पतालों और प्रसूति केंद्रों से हाल ही में हुए प्रसव की जानकारी जुटा रही है, ताकि शिशु के माता-पिता का पता लगाया जा सके।

# **अभिभाषक संघ चुनाव:** वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकारिणी के पद निर्विरोध, अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार

- 28 जून को मतदान होगा और उसी दिन परिणामों की भी घोषणा हो जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला अभिभाषक संघ के चुनाव में नामांकन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद नामांकन पत्रों की जांच पूरी हुई। कनिष्ठ कार्यकारिणी पद के लिए अधिवक्ता शुभम सोलंकी द्वारा नामांकन प्रस्तुत किया गया था, किंतु इसी पद पर उन्होंने आरती अहिरवार का समर्थन भी किया था।

दोनों का नामांकन समान पद के लिए था और शुभम सोलंकी ने आरती अहिरवार का समर्थन किया था, इसलिए उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। और आरती अहिरवार का नामांकन वैध माना गया। वरिष्ठ कार्यकारिणी पद के लिए कुल 6 नामांकन पत्र प्राप्त हुए और निर्धारित पद संख्या भी 6 होने के कारण इस पद पर निर्वाचन की आवश्यकता नहीं होगी। सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित माने जाएंगे। कनिष्ठ कार्यकारिणी पद के लिए कुल 5 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 1 निरस्त हो गया। अब शेष 4 नामांकन तथा उपलब्ध 4 पदों की संख्या के कारण इस पद पर भी निर्वाचन नहीं होगा।

इस प्रकार दोनों कार्यकारिणी पदों पर बिना मतदान के निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। 28 जून को मतदान होगा और उसी दिन परिणामों की घोषणा होगी।

### 3 उम्मीदवारों ने उपाध्यक्ष के लिए की दावेदारी

अभिभाषक संघ के चुनाव में तीन लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की है। अध्यक्ष पद के लिए धूपसिंह तोमर, संतोष कुमार शर्मा, खिलान सिंह रघुवंशी, उपाध्यक्ष पद के लिए प्रवीण दुबे, महेन्द्र प्रताप सिंह जादौन, विनोद कुमार शिवहरे, दीपक वाजपेयी, सचिव पद हेतु राजेन्द्र सिंह दांगी, बृजेश जाट, कोषाध्यक्ष पद के लिए जय नारायण सक्सेना, देवेन्द्र सिंह दांगी, सह-सचिव पद हेतु कौशल किशोर मांझी, जसवंत सिंह दांगी, वाचनालय सचिव पद हेतु मनीष शर्मा (उदासी), प्रताप सिंह मालवीय ने नामांकन दाखिल किया है। इसी तरह वरिष्ठ कार्यकारणी पद के लिए मोहन सिंह जाट, दीपक कुमार श्रीवास्तव, राजनारायण यादव, संतोष सिंह तोमर, मनू श्रीवास्तव, प्रकाश चंद सूर्यवंशी, कनिष्ठ कार्यकारणी पद के लिए देवेन्द्र कुमार सक्सेना, आरती अहिरवार, विनोद दांगी, तरूण चावरिया, शुभम सोलंकी ने नामांकन दाखिल किया है।

# जिपं अध्यक्ष के निरीक्षण में मिली खामियां पठारी और बासौदा पशु चिकित्सालय सील

## पशु चिकित्सालयों में एक्सपायर्ड दवाएं मिलने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में गौवंश को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बुधवार को ग्यारसपुर, रसूलपुर, बासौदा एवं पठारी के पशु चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा सेवाओं में कई गंभीर लापरवाही सामने आईं, जिन पर उन्होंने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पठारी स्थित पशु चिकित्सालय में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी कई दिनों से अनुपस्थित पाए गए। जिन्हे सील कराया गया। अन्य पशु चिकित्सालयों में एक्सपायर्ड दवाइयों का भंडारण पाया गया, जो पशु स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है। इसके अलावा दवा प्रबंधन, रजिस्टर संधारण और साफ-सफाई में भी लापरवाही उजागर हुई। श्रीमती रघुवंशी ने मौके पर ही पंचनामा तैयार करवाया और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी खामियों को निर्धारित समयसीमा में सुधारें, अन्यथा कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौवंश हमारे पर्यावरण और ग्रामीण जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा हैं, उनकी समुचित देखभाल हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।



विदिशा। निरीक्षण के दौरान जांच पड़ताल करते हुए जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में पशु चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सक, सरपंच, सचिव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वर्णकार कॉलोनी में मृतक के ही घर में रुककर तौलिया से गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

- स्वर्णकार कॉलोनी में किराए से रहता था मृतक का परिवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कंचन सक्सेना की अदालत ने वर्ष 2021 में हुई हत्या के प्रकरण में आरोपी उदित नारायण बैरागी उर्फ उदित को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करते हुए अपर शासकीय अभिभाषक धूप सिंह तोमर ने अदालत को बताया कि मृतक मुलायम सिंह गुर्जर अपने परिवार के साथ स्वर्णकार कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे।

1 सितम्बर 2021 की रात उनकी तौलिया से गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद कोतवाली थाना विदिशा द्वारा मामला पंजीबद्ध कर विस्तृत विवेचना की गई। पुलिस द्वारा घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से आरोपी की पहचान उदित नारायण बैरागी उर्फ उदित के रूप में हुई।

हिरासत में लिए जाने के बाद पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह मृतक के घर पर रात में रुका था और वहीं तौलिया से गला दबाकर हत्या की। इसके पश्चात वह मृतक का मोबाइल फोन और पर्स लेकर फरार हो गया था। पुलिस द्वारा उक्त सामान आरोपी से बरामद कर साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्य एवं अभियोजन पक्ष के तर्कों से सहमत होते हुए माननीय अदालत ने आरोपी को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी माना और उसे आजीवन कारावास एवं 5000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

### वीरांगना लक्ष्मीबाई को दी गई श्रद्धांजलि

**विदिशा।** झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर रघुवीर चरण शर्मा स्वतंत्रता सेनानी परमार्थ न्यास के तत्वावधान में, न्यास द्वारा स्थापित महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा-स्थल पर श्रद्धांजलि सहित माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा सहित न्यास के अध्यक्ष गोविंद जी देवलिया, विजय चतुर्वेदी, दिनेश वाजपेई, डॉ परमानंद मिश्र, अतुल रत्नशी शाह, अरविंद श्रीवास्तव, ओपी चतुर्वेदी,सचिव रामकृष्ण शर्मा, दिनेश कुशवाह मंडल अध्यक्ष, छत्रपाल शर्मा, हरिहर चतुर्वेदी , मनीराम दांगी, प्रवीण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विदिशा में भी बनेगा जिला स्तरीय ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर

- इंदौर और छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय स्तरीय संस्थान पहले से संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा। प्रदेश में हर वर्ष औसतन 50 हजार सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें लगभग 13 हजार लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाती है।

चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें से लगभग 78 प्रतिशत दुर्घटनाएं वाहन चालकों की त्रुटियों के कारण घटित होती हैं। इन दुर्घटनाओं में कमी लाने और सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार का सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय पूरे देश में ड्राइविंग प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस पहल कर रहा है। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इसके तहत संस्थान स्तरी, संभागीय स्तर और जिला स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश के इंदौर और छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय स्तरीय संस्थान पहले से संचालित हैं।

परिवहन अधिकारी ने बताया कि छतरपुर में एक जिला स्तरीय संस्थान की स्वीकृति मिली है। सिंगरौली, धार, सतना, सीधी, रायसेन, रीवा, देवास एवं विदिशा सहित 9 जिलों में जिला स्तरीय संस्थान निर्माणाधीन हैं। भोपाल व बैतूल में संभाग स्तरीय संस्था के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

आपदा से बचने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया

# बिजली से बचाव के लिए निर्देशों का करें पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मानसून के दौरान आकाशीय बिजली (वज्रपात) की घटनाओं में वृद्धि होती है, जिससे जनहानि की आशंका बनी रहती है।

इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आमजन की सुरक्षा हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इनका पालन कर वज्रपात से बचाव संभव है। खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोग, जैसे खेतों में काम करने वाले किसान, निर्माण स्थलों पर मजदूर, औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक व अन्य बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग वज्रपात की चपेट में आने के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारी

सभी सरकारी अस्पतालों और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। आशा कार्यकर्ता, एएनएम, सीएचओ एवं बहुउद्देशीय स्वास्थ्यकर्मियों को वज्रपात आपदा से निपटने हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों और पैरामेडिकल स्टाफ को चिन्हित कर आपातकालीन सेवाओं में सहयोग के लिए तैयार किया गया है। विभाग ने जनसामान्य से अपील की है कि वे आकाशीय बिजली के समय सतर्क रहें और दिए गए निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन करें, ताकि जनहानि से बचाव किया जा सके।

### आकाशीय बिजली से बचने ऐसे करें बचाव

- वज्रपात की गर्जना सुनाई देने पर तुरंत सुरक्षित भवन में शरण लें।
- कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर ही बने रहें।
- बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से दूरी बनाएं व उन्हें पावर प्लग से हटाएं।
- घर, स्कूल या कार्यालय में उचित अर्थिंग सुनिश्चित की जाए।
- खुले खिड़की-दरवाजों, धातु पाइप या अन्य विद्युत-प्रवाह संभावित वस्तुओं के पास न खड़े हों।

### इन स्थानों से रहें दूर

- ऊंची और नुकीली संरचनाएं।
- बड़े और अकेले खड़े वृक्ष।
- टेलीफोन और बिजली के खंभे।
- छतें, मचान, धातु की सीढ़ियाँ।
- भारी मशीनें जैसे बुलडोजर, ट्रैक्टर, क्रेन।
- धातुयुक्त वाहन।

**ऐजेन्सी देना है।** हरिभूमि

विदिशा जिले में ऐजेन्सी देना है ।

नटेरन, मण्डीबामोरा, आनदपुर,पठारी, अटारीखेजड़ा, मुरारिया, त्यौंदा, मुरवास

सम्पर्क करें अटल तिवारी: 9425422701

पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल

मो.: 8770833858, 9827743042

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3165
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2670
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव-2460
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5522
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3400
धान
न्यूनतम भाव-1015
उच्चतम भाव-3206
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6390
सरसों
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-7000
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4800
मूंग
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-7050
धनिया
न्यूनतम भाव-6155
उच्चतम भाव-6820
उड़द
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5480
बटरी
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3680
तुअर
न्यूनतम भाव-4440
उच्चतम भाव-4440
ज्वार
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000
मक्का
न्यूनतम भाव-1960
उच्चतम भाव-1960

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 14647 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## अनूठे ढंग से मनाई नागरिक सेवा समिति के संस्थापक स्वर्गीय विशन भाई की पुण्यतिथि

# 101 सिलाई मशीन भेंट की, शैक्षणिक संस्थाओं के लिए 25-25 हजार रुपए के चेक भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को मानस भवन में नागरिक सेवा समिति के संस्थापक स्वर्गीय विशन जी भाई की 31 वीं एवं मातुश्री रतन बाई शाह की 33 वीं पुण्यतिथि बड़े ही अनूठे ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राघव जी भाई पूर्व वित्त मंत्री मध्य प्रदेश शासन, कार्यक्रम की अध्यक्षता शशि अनिल यादव अध्यक्ष नगर पालिका, विशेष अतिथि नीतू रघुवंशी अध्यक्ष जनपद पंचायत, विशेष अतिथि पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन, ज्योति शाह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विदिशा, एड. मदन मोहन तिवारी अध्यक्ष रामायण मंडल ट्रस्ट, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, रीता देवी भावसार पूर्व पार्षद, विशेष अतिथि विनोद शाह एवं कांति भाई शाह अध्यक्ष नागरिक सेवा समिति मौजूद थे।

सभी अतिथियों ने भारत माता एवं समिति के संस्थापक स्व विशन जी भाई, रतन बाई शाह के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया। पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में नगर की सेवा भावी संस्था दमयंती धर्म कांटा सेवार्थ संचालक दमयंती बेन योगेश शाह की ओर से 101 सिलाई मशीन गरीब एवं असहाय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भेंट की गई। ताकि वह अपने परिवार का लालन पालन कर सकें। वहीं नागरिक सेवा समिति कार्यालय पर पुण्यतिथि के कार्यक्रम में 200 लोगों को भोजन पूरी सब्जी हलुवा वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि नागरिक सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार शैक्षणिक संस्थाओं में निर्धन बच्चों की पढ़ाई के लिए राशि भेंट की जाती रही है। इस वर्ष भी पच्चीस - पच्चीस हजार रुपए की राशि के चैक भेंट किए। जिनमें 25 हजार रूपए का चैक नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित, संदीप रावत, केशव लाहोरी, पहलवान सिंह राजपूत एवं 25000 पच्चीस हजार रुपए की राशि का चेक स्पंदन स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षिकओं को भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन नागरिक सेवा समिति के सचिव सुरेश तनवानी ने किया एवं आभार समिति के श्वेतांबर समाज के सचिव विनोद शाह ने व्यक्त किया।







अतिथियों द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजक दमयंती धर्म कांटा सेवार्थ के संचालक दमयंती बेन योगेश शाह का शाल, श्रीफल भेंट कर पुष्पगुच्छ एवं पुष्पमालाओं से स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों का नागरिक सेवा समिति परिवार की ओर से शाल, श्रीफल भेंट कर एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। समाजसेवी शिवप्रसाद श्रीवास्तव के परिवार द्वारा 5 सिलाई मशीनों एवं नारायणी देवी जगन्नाथ प्रसाद जैन, रूप महल प्रिंसी मैचिंग सेंटर परिवार द्वारा दो सिलाई मशीन का सहयोग दिया गया।कार्यक्रम में उपस्थित नागरिक सेवा समिति के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों के द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। पुण्यतिथि एवं सिलाई मशीन वितरण के इस मौके पर नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांतिभाई शाह, दमयंती बेन योगेश शाह, रमेश भाई शाह, कोषाध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा, सत्यपाल तनवानी, हेमन दास मघवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर डीपी शर्मा, गोविंद नारायण खंडेलवाल, सचिव सुरेश कुमार तनवानी, सह सचिव विनीत अरोरा, संतोष शर्मा, भोजनालय प्रबंधक तुलसीराम नामदेव, चेतन शाह, जयेश शाह, सुभाष शाह, राधेश्याम साहू, डॉ. ऐ के रोहिले, राम गोपाल गुप्ता, केयूर शाह, रेलवे विभाग से हेमंत राय,चंद्रशेखर ताम्रकार, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, हरि सिंह ठाकुर, नानजी भाई, शिव प्रसाद श्रीवास्तव, जया बेन नाटू भाई पटेल, गुलाब सिंह चंदेल, रंजीता सिंह राजपूत, रविन्द्र जैन, प्रदीप नेमा, सावित्री महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, राजेश नेमा, लाल बहादुर ताम्रकार, अशोक अग्रवाल मंकुजी, सोनू अरोरा, एड. सुरेंद्र भारद्वाज, दीपक तिवारी, कीर्ति शाह, अशोक शाह पेंटर,चंद्रकुमार तारण, शांति प्रकाश ओसवाल, सुनील पिंगले, आर के भारद्वाज, डॉ आरसी शर्मा, प्रोफेसर एसएन गौर, राजेश तारण ,हनीफ फजलानी, जगदीश अग्रवाल, बाबूराम सचान, चंद्रशेखर ताम्रकार, गोपाल प्रसाद शर्मा, राजकुमार भावसार, देवेंद्र वर्मा, हरिओम भावसार, मैनेजर संतोष शर्मा, देवीलाल कुशवाह, प्रेम नारायण, नीतेश सहित कई सदस्यगण उपस्थित थे।

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान करेंगे पत्रकार भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी 6 जुलाई को सुबह 11 बजे कृषि मंत्री और सांसद शिवराज सिंह चौहान एक दिवसीय दौरे पर गंजबासौदा आएंगे। उनके साथ प्रभारी मंत्री कमल पटेल भी रहेंगे। चौहान स्टेशन रोड स्थित मदन बाबू मिश्र पार्क में बने अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद स्टेशन के नए भवन का निरीक्षण करेंगे। फिर पुरानी कृषि मंडी परिसर में 34 करोड़ की लागत से बने नए अस्पताल भवन का निरीक्षण करेंगे।

इसके बाद बेतवा बर्री घाट पर कृषि महाविद्यालय भवन का अवलोकन करेंगे। वहां की व्यवस्था और संचालन पर चर्चा करेंगे। राजेंद्र नगर पार्क का निरीक्षण करेंगे। फिर रिंग रोड का निर्माण को देखेंगे। इस



दौरान उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह भी मौजूद रहेंगी। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद यह उनका पहला दौरा होगा। वे नगर विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव और जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगे।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में हुई मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित विजन सेंटर पर नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. राजकरण वर्मा ने लगभग 95 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण किया। जिसमें कैंप इंचार्ज ने 39 लोगों को निशुल्क दवाईयां प्रदान की गई एवं बीपी की एवं पिंकू जादौन ने शुगर लेवल की जांच की।

वहीं अभिषेक जादौन ने 17 लोगों को चश्मे के नंबर निकाले, 19 लोगों को चश्मे प्रदान किए गए। वहीं 11 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए गए। उक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने देते हुए बताया कि इस शिविर को स्वर्गीय शकुंतला पिंगले की पुण्य स्मृति में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से भगवान दास साहू, गणेश राम रघुवंशी, डॉ. एके जैन के आतिथ्य में लगाया गया। शिविर में सभी डाक्टरों की टीम का स्वागत पुष्पहार पहनाकर एवं श्रीफल भेंटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय अरोरा ने किया। इस अवसर पर मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. एके जैन, जिलाध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, एवन सिंह, हेमंत भंडारी ने कहा कि सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष करीब 50 हजार लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान कर पुण्य का कार्य किया जा रहा है। शिविरों का लगातार आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में भी ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर में हेमंत भंडारी ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।




## धरती आबा जनजातीय ग्राम जागरुकता अभियान संपन्न



**गंजबासौदा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत धरती आबा अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन बुधवार को आयोजित किया गया। उक्त शिविर 30 जून तक जारी रहेंगे। धरती आबा योजना के तहत ग्राम बघरू और पुरवाई चक्क में शिविर आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषक मिस्टर सहरिया, पूरन सिंह पुरवाई चक्क, विनोद सहरिया, सूरज सिंह बघरू व अन्य कृषकों को प्रदर्शन बीज वितरण किया। साथ ही उपस्थित कृषकों को मिट्टी परीक्षण, नरवाई प्रबंधन व अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### 3.6 मिमी वर्षा दर्ज

**गंजबासौदा।** 24 घंटो में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि तहसील में स्थापित वर्षामापी यंत्र पर मंगलवार 17 मई की प्रातः 8 बजे जिले में 7.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। बासौदा तहसील में 3.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

### दिन भर निकली तेज धूप रही उमस

**गंजबासौदा।** बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक तेज धूप निकली, जिससे उमस बनी रही। लोग दिन भर उमस और गर्मी से परेशान होते रहे। एक सप्ताह से इलाके भर में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग परेशान हो चुके हैं और ईश्वर से शीघ्र तेज बारिश की प्रार्थना कर रहे हैं। जिससे गर्मी से निजात मिल सके।



### गार्गी ने की नीट परीक्षा उत्तीर्ण

**गंजबासौदा।** बरेठ रोड शासकीय एसजीएस महाविद्यालय के पीछे निवास करने वाली गार्गी पुत्री सुरनजीत सिंह, शारदा लोधी ने अच्छी रेंक के साथ नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर शासकीय मेडीकल कालेजों में प्रवेश की पात्रता हासिल की है। गार्गी लोधी ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रेंक 34371, ओबीसी एनसीएल रेंक 16017 प्राप्त की है। उन्होंने 720 अंकों में से 517 अंक हासिल कर नीट क्लीयर किया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर परिजनों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## रेलवे अंडरपास में नपा ने शुरू किया विद्युत व्यवस्था करने का काम

**गंजबासौदा।** नगरपालिका द्वारा रेल्वे के हरदूखेडी और परसौरा अंडरपास में रात में प्रकाश के लिए विद्युत व्यवस्था करने का काम शुरू कर दिया है। यहां उल्लेखनीय है कि इन अंडरपास में रेलवे ने विद्युत व्यवस्था नहीं की थी, जिस पर नागरिकों ने रेलवे से मांग की, लेकिन रेल प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो नागरिकों ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी और नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव से अंडरपास में विद्युत व्यवस्था की मांग की। जिस पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने रेलवे को अपनी ओर से विद्युत व्यवस्था करने की अनुमति देन के लिए बार बार पत्र भेजे। जिस पर पिछले दिनों रेल प्रशासन द्वारा नपा को अंडरपास में विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने की अनुमति रेलवे द्वारा दे दी गई। अब नपा ने विद्युत व्यवस्था का काम भी शुरू कर दिया है और शीघ्र ही दोनों अंडरपास में प्रकाश की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो जाएगी। नागरिकों ने इस सुविधा को उपलब्ध कराने पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव का आभार व्यक्त किया है।



## जंगलों से रहवासी बस्तियों में आए बंदर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इन दिनों इलाके भर में भीषण गर्मी का दौर जारी है। गर्मी और उमस से जीवजंतु और नागरिक परेशान हैं। जंगलों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था न होने के चलते जंगलों से बंदरों के झुण्ड पेयजल और भोजन की तलाश में नगरीय क्षेत्र में आ गए हैं। जहां वह गलियों एवं घरों की छतों पर उछल कूद करते हुए भोजन एवं पेयजल की तलाश कर रहे हैं। ऐसा ही मामला मील रोड पर महावीर विहार के पास देखने को मिला जहां बंदरों के झुण्ड में से एक बंदर रहवासी बस्ती में आ गया और देर तक गली में घूमने के बाद घरों की छतों पर उछल कूद करते देखा गया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई।

### अनियंत्रित होकर कार खेत में पलटी

**गंजबासौदा।** मंगलवार को सुबह के समय बरेठ मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसे में 20 वर्षीय चालक कुलदीप यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए शासकीय जन चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। कार में एक अन्य व्यक्ति भी सवार था, जिसे भी चोटें आईं। दोनों को मौके पर मौजूद लोगों ने बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। घटना सुबह उस समय हुई जब साडेर निवासी कुलदीप यादव लाल रंग की कार से तेज गति में जा रहा था। उद्योगिक क्षेत्र के पास मोड़ पर उसने स्पीड कम करने की कोशिश की। सामने से वाहन आता देख वह घबरा गया। कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में पलट गई, जिससे कार को भी काफी नुकसान हुआ है।

### जिलाध्यक्ष के लिए हुई रायशुमारी

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का हुआ नगर आगमन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का बुधवार को नगर आगमन हुआ। त्योंदा रोड स्थित गार्डन में उन्होंने पार्टी का संगठन सर्जन अभियान शुरू किया। पटवारी ने कार्यकर्ताओं को तीन मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि पद का निर्वहन ईमानदारी से करें। टिकट वितरण में पारदर्शिता रखें। सभी एकजुट होकर काम करें।

उन्होंने घोषणा की कि अब राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष की शक्तियां कार्यकर्ताओं के हाथों में होंगी। प्रदेश से लेकर ब्लॉक तक जिन्हें दायित्व मिलेगा, उन्हें पूरा समय पार्टी को देना होगा। नेताओं का स्वागत या मिठाई देकर पद नहीं मिलेंगे। भाजपा पर निशाना साधते हुए पटवारी ने लाड़ली बहना योजना का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को 1200 रुपए मासिक दे रही है। इसके लिए 65,000 करोड़ का कर्ज लिया गया है। भाजपा ने 3000 रुपए प्रति माह देने का वादा पूरा नहीं किया। इस मुद्दे पर कांग्रेस कोर्ट जाएगी। पटवारी ने गेहूं, धान और मूंग खरीदी के मुद्दों पर भी भाजपा की आलोचना की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक वह प्रदेश अध्यक्ष हैं, कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए नेताओं की वापसी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा का पतन शुरू हो गया है।

आगामी 2028 में कांग्रेस सत्ता में आएगी। सृजन कार्यक्रम मध्य प्रदेश से शुरू हुआ है और विदिशा जिले को पायलट प्रोजेक्ट बनाया है। यह हम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व मंत्री ममता और कांग्रेस नेता मौजूद थे।

## पाठक संघ ने मनाई महारानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में बुधवार को वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसका संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई एक बहादुर मराठा रानी थी, जो 1857 की भारतीय विद्रोह में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जानी जाती हैं। उनका जन्म 19 नवंबर 1828 को हुआ था। वे झांसी के महाराजा गंगाधर राव की पत्नी थी। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत की बहुत सारे हिस्सों पर कब्जा कर लिया था। राजा गंगाधर राव की मृत्यु के बाद जब झांसी पर ब्रिटिशों का खतरा मंडराने लगा तो रानी लक्ष्मीबाई ने अपने राज्य और प्रजा की रक्षा के लिए मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने अपनी अंतिम सांस तक अपने राज्य और प्रजा की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में 18 जून 1857 में हुई निर्णायक लड़ाई में ग्वालियर में उनका बलिदान हुआ। 1857 के उनके बलिदान, साहस और पराक्रम ने भारत में स्वतंत्रता के लिए एक चिंगारी सुलगा दी, जिसने देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कैलाश नामदेव, विजय अरोरा, कैलाश नेमा सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।



### मौके पर पहुचें एसडीएम हर्षल चौधरी ने पुलिस बल के साथ बस के समस्त दस्तावेजो को

# ड्राइवर की गलती से बस में सवार 33 लोग घायल, आठ गंभीर को किया विदिशा रेफर

**भोपाल से सिरोंज आ रही तेज रफ्तार बस कांकर खेडी की घाटी पर पलटी, बस की टूटी कमानी पहिए हुए अलग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज







भोपाल रोड पर कांकर खेडी के घाटी पर भोपाल से सिरोंज की तरफ आ रही सदगुरू टेवलर्स बस की कमानी टूटने व पहिये बाहर निकलने के कारण अनियंत्रित होकर बस पलट गई। वही बस में सवार लगभग 36 यात्री घायल हो गए। बस में सवार घायल को राहगीरो व 108 की मदद से शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। साथ ही बस हादसे में गंभीर रूप से घायल 8 व्यक्तियो को तत्काल विदिशा चिकित्सालय रेफर किया गया।

घटना की सूचना मिलते है मौके पर पहुचें एसडीएम - कांकरखेडी की घाटी पर बस पलटने की घटना की जानकारी जैसे ही एसडीएम हर्षल चौधरी को मिली तो वह तुरन्त पुलिस बस व राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुचें और एंबुलेंस की मदद से घायलो को शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में उपचार के लिए भेजा गया। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि बस में लगभग 36 लोग सवार थें जिनमें से 2 लोगो की हालात डॉक्टरो द्वारा गंभीर बताई जा रही है और अन्य 6 लोगो की हालात को भी गंभीर देखते हुए डॉक्टरो ने उन्हें तत्काल विदिशा रेफर किया गया। तो वहीं अन्य घायलो का सिरोंज अस्पताल में उपचार जारी है। हम जब मौके पर पहुचे तो बस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया था। बस में सवार नागरिको से चर्चा के दौरान पता चला की बस ड्राइवर की गलती के कारण यह हादसा हुआ है क्योकि ड्राइवर द्वारा घाटी पर भी बस को तेज रफ्तार में दौडाई जा रही है। जिस कारण बस अनियंत्रित हो गई और बस की कमानी टूटने के कारण बस के दोनो पहिये बाहर निकल गए जिस कारण बस पलट गई। वही उन्होने कहा कि हमने मौके पर यातायात पुलिस द्वारा बस के समस्त दस्तावेजो की जांच कि बस की फिटनेस,बीमा आदि समस्त दस्तावेज सही पाए गए हैं। **क्रेन की मदद से बस को लाया गया सिरोंजः** बस हादसे के बाद भोपाल रोड पर बीच रोड पर पलटने से बस के कारण सडक के दोनो ओर वाहनो की लंबी कतार लग गई। जिस कारण घंटो तक जाम की स्थिति बनी रही। वही पुलिस एसडीओपी उमेश तिवारी,थाना प्रभारी पंकज गीते पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचें। उन्होने बताया कि बस में आग लगाने जैसी कोई घटना घटित न हो और रोड पर जाम की स्थिति को देखते हुए तत्काल मौके पर क्रेन को भेजकर बस को सिरोंज लाया गया। मामले की जांच की जा रही है।

**9 रेफर, 28 का सिरोंज अस्पताल में चल रहा उपचार -** बीएमओ डॉ विकास बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि बस हादसे में घायल 37 लोगो को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय लाया गया था। जिमसे से गंभीर रूप से घायल दशरथ,योगेन्द्र,भूरी बाई,राधा बाई,रिहान, देवी लाल, वसीम, जमील, राकेश को तत्काल विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अन्य घायल दीप्ती, दीपक, मेंगालाल, आशीष, शंकर,सीमा,गौरीशंकर,संता बाई,अशोक राजानी,ललता बाई,हुसैन खान,मेहरबान सिंह,अंशु चौधरी,राहुल,हरनाम सिंह, तुलसा बाई, युसूफ, रूकसाना, लईक, हुजा,साफिया,चरण शाक्य, निराली, लालाराम, रवि,संध्या,रेखा,गनेश आदि का सिरोंज अस्पताल में उपचार चल रहा है।

एडिशन एसपी बोले :- भोपाल से आरोन की ओर जा रही बस सिरोंज के पास कांकर खेडी पर बस की कमानी टूटने के कारण पलट गई। बस में 36 यात्री सवार थें पुलिस ने मौके पर पहुचकर सभी घायलो को अस्पताल में भर्ती कराया और 8 लोगो की हालात को गंभीर देखते हुए डॉक्टरो ने उन्हे विदिशा जिला चिकित्सालय रेफर किया है। मौके से बस ड्राइवर व क्लीनर फरार हो गए है। मामले की जांच जारी है।
**प्रशांत चौबे**,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिशा।

### नपा की कार्रवाई को देख कई दुकानों के बंद हुए शटर

## अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर नपा की चालानी कार्रवाई



**सिरोंज।** प्रतिबंध के बाद भी नगर के बाजारों में धड़ल्ले से अमानक पॉलीथिन का उपयोग हो रहा है। शहर में दुकानों पर व्यापारी से लेकर छोटे दुकानदार सामान खरीदने पर ग्राहकों को पॉलीथिन में ही सामान दे रहे हैं। पॉलीथिन के कारण नालियां जाम हो रही हैं।

इसी को लेकर अनुविभागीय अधिकारी व सीएमओ के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के नवीन बस स्टेण्ड,पुराने बस स्टेण्ड एंव हाट बाजार आदि क्षेत्रो में अमानक पॉलीथीन उपयोग करने वाले दुकानदारों पर चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें 100 दुकानों की जांच कर लगभग 4 किलो पॉलीथीन जप्त की और 2800 रू की चालानी कार्यवाही की गई। तो वही मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दुकानदारों को अमानक पॉलीथीन उपयोग न करने की हिदायत दी गई। इस मौके पर चालानी कार्यवाही में स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना,स्वच्छता निरीक्षक मनीष कुमार,प्रभारी दरोगा आकाश,राजेश,विक्रम,राजकिरण वाटरमेन छोटे,अलीम आदि ने उपस्थित होकर संयुक्त चालानी कार्यवाही की गई।

### पॉलीथिन उपयोग से बहुत नुकसान

पॉलीथिन का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई करने निकली नगर पालिका की टीम को बाजार में आता देख कई दुकानदार दुकानों के शटर बंद करके भाग गए। तो वही नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने बताया कि पॉलीथिन कभी नष्ट नहीं होती है। इससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। पेय या खाद्य पदार्थ पॉलीथिन में रखने से स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए पॉलिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ नगर पालिका की स्वच्छता टीम ने चालानी कार्रवाई की। वही उन्होने कहा कि पॉलीथिन के नालियों में फंसने से कई क्षेत्रों में गंदा पानी सड़कों तक आ जाता है, जो राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनता है। सफाई के दौरान नालियों से 40 फीसदी तक पॉलीथिन निकल रही है। शहर के अधिकांश वार्डों में पॉलीथिन पर रोक नहीं लग पा रही है। लोग प्रतिबंध के बाद भी अमानक प्लास्टिक का उपयोग कर रहे हैं। अब लगातार नगर पालिका की टीम पॉलीथिन का उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## कथावाचक प्रदीप मिश्रा पर कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज।** चित्रगुप्त सेवा समिति एंव कायस्थ समाज द्वारा तहसील कार्यालय पहुचकर महामहिम राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी ज्ञापन सौपते हुए कहा कि कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा सनातन धर्म एवं कायस्थ समाज के आराध्य प्रभु श्री चित्रगुप्त जी पर की गई अभद्र एवं अमार्यदित टिप्पणी के विरोध में विधि-अनुसार ठोस कार्यवाही जाए। वही उन्होने कहा कि विगत पिछले सप्ताह में कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा भरे हुए पंडाल में समस्त जनता जर्नानदन के सामने सनातन धर्म एवं कायस्थ समाज के आराध्य प्रभु श्री चित्रगुप्त जी पर अभद्र एवं अमार्यदित टिप्पणी की गई है जिससे समस्त सकल सनातन समाज,हिन्दू समाज एवं कायस्थ समाज में भारी रोष है उक्त कथावाचक प्रदीप मिश्रा के विरूद्ध अतिशीघ्र कठोर कार्यवाही की जाए। जिससे विधि एवं शांतिपूर्ण वातारण निर्मित हो और भविष्य में अन्य कोई व्यक्ति ऐसी अमार्यदित अभद्र टिप्पणी करने की चेष्ठा न करें।



## तहसील के समस्त विभागों में बायोमेटिक मशीन से ली जाए अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति

**सिरोंज।** सिरोंज तहसील के समस्त विभागो में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों के समय पर आने जाने की मांग को लेकर इंडियन वोटर्स क्लब के जिला अध्यक्ष व पूर्व सरपंच जफर खान ने एसडीएम हर्षल चौधरी की एक आवेदन सौपा। उन्होने कहा कि तहसील के समस्त विभागों में कार्यालीन समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक है। लेकिन अधिकांश विभागों में कई कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं होते और शाम होने से पहले ही कार्यालय से चले जाते है। जिस कारण आम नागरिको को अपने शासकीय कार्य कराने के लिए बार-बार चक्कर काटने पड़ते हैं।



वही उन्होनें कहा कि सिरोंज तहसील के समस्त विभागो में अधिकरी कर्मचारियो की बायोमेटिक मशीन के माध्यम से उपस्थिति ली जाए। साथ ही विभाग द्वारा समस्त कर्मचारियो की जो ड्रेस होती है उसको लागू किया जाए।

## घटिया निर्माण की भेंट चढ़ी मानोरा हैदरगढ़ की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶हैदरगढ





ग्यारसपुर तहसील अंतर्गत मानोरा से हैदरगढ़ की ओर बनी लगभग 12 किलोमीटर लंबी सड़क आज भ्रष्टाचार और लापरवाही का प्रतीक बन गई है।

एक से डेढ़ वर्ष पूर्व इस सड़क का रिनुअल कार्य लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार अभय राम साहू के माध्यम से कराया गया था। कार्य के दौरान गुणवत्ता की अनदेखी करते हुए ठेकेदार ने घटिया सामग्री का उपयोग किया। जिसका नतीजा आज सड़क की बुरी हालत के रूप में सामने है। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे दोपहिया व चारपहिया वाहनों का गुजरना मुश्किल हो गया है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लोग चोटिल हो रहे हैं लेकिन विभाग आँखें मूंदे बैठा है। यह स्थिति इस बात को दर्शाती है कि निर्माण कार्य के समय कोई तकनीकी निरीक्षण नहीं हुआ या फिर जानबूझकर अनदेखी की गई।

स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों में भारी आक्रोश है। वे पूछ रहे हैं कि जब जनता का पैसा खर्च हो रहा है तो उसके बदले गुणवत्तापूर्ण सड़क क्यों नहीं मिली? इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है?सरकार एक ओर विकास के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर विभागीय भ्रष्टाचार और अनदेखी से जनता को जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। करोड़ों की लागत से बनी यह सड़क अब खुद सवाल बनकर शासन-प्रशासन के सामने खड़ी है। आने वाली 26 जून आषाढ़ दोज को मानोरा मे भगवान जगदीश स्वामी जी की रथ यात्रा को लेकर लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन के लिए पहुंचते इसी रोड से कई जिलों के श्रद्धालु पिंड भरते हुए इसी रोड से जाते हैंजब इस संबंध में pwd के एसडीओ रवि कुमार चिराड से बात की गई तो जवाब देने से बचते हुए कहा कि मुझे न ही इसकी लागत का पता है और न इसका समय अवधि बता सकता हूं कब इस रोड को बनाया गया है आगर रोड में गड्ढे हो गए हैं तो पेच लगवा दिए जाएंगे।

## कृषि योजनाओं का लाभ पाने एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए कृषकों को "एमपी किसान" पोर्टल (kisan.mp.gov.in) पर पंजीयन कराना अनिवार्य है।

बीज, सिंचाई यंत्र, खाद, जैविक खेती, दलहन-तिलहन जैसी योजनाओं के लिए यह पंजीयन आवश्यक है। किसान स्वयं मोबाइल या नजदीकी एमपी ऑनलाइन, सीएससी या कृषि अधिकारी की सहायता से पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के लिए आधार ई-केवाईसी, भूमि विवरण, समग्र आईडी और (यदि लागू हो) जाति प्रमाण पत्र जरूरी हैं।

### पंजीयन की प्रक्रिया

- वेबसाइट **kisan.mp.gov.in** पर जाएं।
- कृषि योजना के लिए आवेदन पर क्लिक करें।
- मोबाइल नंबर दर्ज कर **OTP** से सत्यापन करें।
- आधार या भू-अभिलेख से पंजीयन करें।

### सोनी समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 30 दिसंबर को होगा संपन्न

**सागर।** श्री अयोध्यावासी क्षत्रिय सोनी समाज की बैठक धनुषधारी मंदिर में आयोजित की गई । जिसमें निर्णय हुआ कि अयोध्यावासी क्षत्रिय सोनी समाज द्वारा सोनी स्वर्णकार समाज के सभी वर्गों का युवक युवती परिचय सम्मेलन 30 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। बैठक में इस समाज के सभी पदाधिकारी और वरिष्ठजन शामिल हुए। इस कार्यक्रम की जानकारी अध्यक्ष वृन्दावन सोनी ( विन्दे) पीपर वालो ने दी। उन्होंने बताया कि समाज की एकता और विकास के लिए हमेशा संगठन सक्रिय था है। समाज द्वारा समय समय पर युवक युवती परिचय सम्मेलन और सामूहिक आदर्श विवाह के सफल आयोजन किए गए है। इस साल दिसंबर माह में परिचय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इसकी तैयारियों को लेकर लगातार वृहद बैठक होंगी और मार्गदर्शन लिया जायेगा। बैठक में विष्णु आर्य, मुरलीधर सोनी मऊ बाले, वृन्दावन पीपल बाले, सुखजीवन ढाने बाले, भरत मलेहरा मौजूद रहे।

**उत्तम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या छपारा पठारी**
**निर्वाचन कार्यक्रम**

**पंजीयन क्रमांक 759 दि. 01/07/2010**

संस्था के माननीय सदस्या को सूचित किया जाता है कि संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन बाबत विशेष साधारण आम सभा दिनांक -5/7/2025 दिन-शनिवार संस्था कार्यालय छपारा पठारी 10 सुबह से 12 दोपहर तक आयोजित की गई है। दिनांक- 27/6/2025 को समय 10.30 सुबह से 4.30 दोपहर तक संस्था के कार्यालय में उपस्थित होकर नामांकन पत्र संस्था प्रबंधक द्वारा प्राप्त किये जायेगे। दिनांक- 27/6/2025 को 2 दोपहर बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जावेगी । दिनांक - 29/6/25 को समय 10.30 सुबह से 2.30 दोपहर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से डाक द्वारा दी जा रही है।

**रिटर्निंग अधिकारी**
**उत्तम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित छपारा पठारी**

### स्थाई आधार पंजीयन सेंटरों के लिए आवेदन

**सागर।** जिले की बाल विकास परियोजनाओं में स्थायी आधार पंजीयन सेंटरों के लिए इच्छुकि ऑपरेटर अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 24 जून को सायं 05 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, में जमा कर सकते हैं।

## इस बार क्षेत्र में मक्का खेती का रकबा बढ़ने की उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

क्षेत्र में इस साल मक्का की खेती को लेकर किसानों का रुझान बढ़ता दिख रहा है। किसान इन दिनों हकाई बुवाई में व्यस्त हैं और बारिश के शुरुआती संकेतों के साथ ही खेती के लिए तैयारी जोर-शोर से जारी है।ग्यारसपुर के आसपास के गांवों में मक्का की खेती पर किसान अधिक विश्वास जता रहे हैं।

इसका मुख्य कारण मक्का की कम लागत में अधिक उत्पादन और बाजार में इसकी बढ़ती मांग है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, मक्का की खेती के लिए क्षेत्र की मिट्टी और जलवायु बेहद अनुकूल है। किसान इसे पारंपरिक फसलों की तुलना में अधिक लाभकारी मानते हैं।किसानों का कहना है कि ग्यारसपुर के कृषि अधिकारी उन्हें मक्का की उन्नत किस्मों और सही तकनीकों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। कई किसानों ने इस बार मक्का का रकबा बढ़ाने का निर्णय लिया है। स्थानीय मंडियों में मक्का की अच्छी कीमत मिलने की उम्मीद ने भी उन्हें प्रेरित किया है।इसके साथ ही, सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सिंचाई सुविधाएं और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी ने किसानों का उत्साह बढ़ाया है।

### न्यायालय ने दिया किसानों को बीमा राशि देने का आदेश

**विदिशा।** नटेरन निवासी मलखान सिंह रघुवंशी ने वर्ष 2019 के सोयाबीन फसल बीमा से वंचित होने पर न्यायालय की शरण ली थी। उन्होंने 30 सितंबर 2019 को 30 बीघा की फसल का बीमा कराया था। सहकारी समिति नटेरन व एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ने फसल बीमा नहीं दिया। मामला कोर्ट में पहुंचा। उन्होंने 1 लाख 20 हजार क्षतिपूर्ति की मांग न्यायालय के माध्यम से की। न्यायालय ने बैंक एवं बीमा कंपनी को आदेश दिया है कि डेढ़ माह के अंदर क्षतिपूर्ति का भुगतान करें। किसान को 24 मार्च 21 से 6 प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान किया जाए। न्यायाधीश शशीकला चंद्रा ने यह फैसला सुनाया है। इस प्रकरण में पैरवी अधिवक्ता राजनारायण तिवारी ने की।

**रोजगार मेला युवा संगम का आयोजन 23 कोः** सागर। युवाओ को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 23 जून को सुबह 11 बजे शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय सागर में किया जाएगा।

## शमशाबाद में 90 लाख की लागत से 70 दुकानों वाला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनेगा, भूमिपूजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद



नगर परिषद ने बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की शुरुआत की। इसके लिए भूमिपूजन किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने पार्षदों के साथ भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि नगर में 70 दुकानों का शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। इससे बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा।

नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने बताया कि सांसद लता वानखेड़े, विधायक सूर्य प्रकाश मीणा के सहयोग से 90 लाख रुपये की लागत से यह निर्माण हो रहा है। इसमें 70 दुकान बनाई जा रही है। दुकानों का निर्माण होने के बाद 70 बेरोजगारों को रोजगार मिल सकेगा। इस अवसर पर सीएमओ मो. सलीम खान, पार्षद कुलदीप रत्नाकर, दीपक मेहर, मनमोहन साहू, अंकित चौहान, मदन कुशवाह, रीना कंछेदी कुशवाह, गीता सुरेश प्रजापति, मनी कुलदीप शर्मा, जुगल चौकसे, लेखापाल रामनारायण सेन मौजूद रहे। नगर परिषद पुराने दुकानों को तोड़कर नई दुकानों का निर्माण करवा रही है।









रासायनिक खाद से खेती बनी किसानों के लिए जी का जंजाल

# अब कम लागत में होगा ज्यादा मुनाफा जैविक खेती की ओर लौट रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रासायनिक खेती न केवल किसानों पर आर्थिक बोझ डाल रही है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक भी साबित हो रही है। लगातार बढ़ रही गंभीर बीमारियों के बाद शासन प्रशासन किसानों को जैविक खेती की ओर रुझान बढ़ाने के लिए पहल लगातार की जा रही है, लेकिन लगभग एक दशक से अधिक साल बाद भी यह योजना कागजी घोड़े दौड़ाने जैसे साबित हो रहा है। फिलहाल यह जैविक खेती योजना दावों में उलझ कर रह गई है। वर्तमान में हालात यह हैं कि शहर के आसपास सहित जिले के करीब एक हजार किसान जैविक खेती के लिए पंजीयन करवा चुके हैं।

यदि कोई किसान जैविक खेती शुरू करता है तो उसके प्रमाणीकरण के लिए मप्र राज्य जैविक खेती प्रमाणीकरण संस्था का गठन किया गया है। इसमें किसान को जैविक खेती शुरू करने के पहले इस संस्था में पंजीयन कराना होता है। इसके बाद तीन साल तक संस्था द्वारा निरंतर निगरानी की जाती है। इसके बाद संस्था के निरीक्षक इस बात की पुष्टी करते हैं कि किसान द्वारा अपने खेत में फसल पैदा करने के लिए पूरी तरह से जैविक खाद, जैविक दवाओं आदि का उपयोग किया गया है। नियमानुसार तीन सालों तक जैविक खेती के नियमों का पालन करने के बाद संस्था द्वारा पूर्ण जैविक खेती का प्रमाण-पत्र जारी किया जाता है। इसके बाद ही माना जाता है कि किसान द्वारा जैविक खेती की जा रही है।



**एक दशक बाद फिर बढ़ रहा जैविक खेती की ओर रुझान**

जिला कृषि विभाग में वर्ष 2015-16 में लगभग डेढ़ हजार किसानों ने खेतों में जैविक खेती करने के लिए पंजीयन करवाए थे। इसके बाद से यह जैविक खेती की योजना धीरे-धीरे बढ़ती रही लेकिन उम्मीद से ज्यादा वह मूर्तरूप नहीं ले सकी। लेकिन प्रदेश में केंद्र की मोदी और मप्र की डॉ मोहन सरकार के कार्यकाल में किसानों ने एक बार फिर से जैविक खेती की ओर रुख किया है। जिसमें वर्तमान में 1000 किसानों के पंजीयन हो चुके हैं यह पंजीयन आगे भी जारी रहेंगे। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को कृषि वैज्ञानिकों से सलाह और सावधानी बरतने की समझाइश और सुविधा रहे हैं।



**किसानों को कम लागत में मिल रहे अच्छे परिणाम**

किसान प्राकृतिक खेती की ओर रुख कर रहे हैं, जिसमें कम लागत और अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। भारकच्छ के किसान राजेश चौधरी ने 2020 से प्राकृतिक खेती शुरू की और सहजन, टमाटर, पपीता, फल जैसी फसलों से बेहतर आय अर्जित की। तहसील रायसेन के परसौरा, पैमत, ब्यावरा के किसान पारंपरिक खेती से प्राकृतिक खेती की तरफ जा रहे हैं। प्राकृतिक खेती में रासायनिक खेती से कम खर्च आता है और बेहतर परिणाम मिलते हैं। किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

## जैविक खेती का किसानों को पंजीयन कराना अनिवार्य

किसानों को जैविक खेती करने से पूर्व संस्था का पंजीयन कराना अनिवार्य होता है। कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ स्वप्निल दुबे ने बताया कि यदि कोई किसान जैविक खेती शुरू करता है तो उसके प्रमाणीकरण के लिए प्रमाणीकरण संस्था से पंजीयन कराना जरूरी होता है। इसके बाद लगातार 3 साल तक संस्था द्वारा इस खेती पर निगरानी की जाती है। इसके बाद संस्था के निरीक्षक इस बात की पुष्टि करते हैं कि किसान द्वारा अपने खेत में फसल करने के जैविक खाद और जैविक दवाओं का पूरी तरह से उपयोग किया गया है। नियमानुसार तीन सालों तक आर्गेनिक खेती करने व नियमों का पालन करने के लिए संस्था द्वारा पूर्ण जैविक खेती का प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। इसके बाद ही यह माना जाता है कि किसानों द्वारा जैविक खेती की जा रही है।

**इनका कहना है**

उपसंचालक कृषि अधिकारी दुष्यंत पटेल ने बताया कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस बार जिले में 2 हजार हेक्टेयर में जैविक खेती करने का लक्ष्य रखा है। इस प्रोजेक्टर को एक एनजीओ संस्था देख रही है। अभी जिले में एक हजार किसानों का प्रमाणीकरण संस्था में पंजीयन कराया गया है। अभी पंजीयन लगातार जारी है। अभी और एक हजार से अधिक किसानों के पंजीयन होने की उम्मीद की जा रही है।

महिला का अस्पताल में चल रहा इलाज

## बल्ब लगाते समय करंट लगने से महिला घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज के पास स्थित कस्तूरी वाटिका में महिला को करंट लग गया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार जब घर में अकेली महिला बल्ब लगा रही थी तब करंट लग गया, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। कस्तूरी वाटिका निवासी कलाबाई पति कल्याण रैकवार घर पर अकेली थी। बताया जा रहा है कि उक्त महिला बल्ब के फ्यूज होने पर दूसरा बल्ब लगा रही थी तभी अचानक करंट लग गया। करंट लगते ही वे ज़मीन पर गिर गईं, जिससे उसके सिर में गहरी चोट आई।

इधर महिला के गिरने की आवाज़ सुनकर पड़ोसी दौड़े और तत्काल परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया जहां पर महिला का इलाज जारी है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही दीवानगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले को जांच में लिया है।

**इनका कहना है**

कस्तूरी वाटिका में एक महिला को करंट लग गया है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुई है जिसे पहले सांची अस्पताल भेजा गया इसके बाद विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

*वरुण सक्सेना, चौकी प्रभारी दीवानगंज*

## बारिश की दस्तक से कच्चे आशियानों को सुधारने में जुटे ग्रामीणजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में मानसून से पहले लोग अपने अपने आशियाना संवारने में जुट गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बांस-बल्ली बदलने के साथ ही छप्परों की मरम्मत कर रहे हैं। इस वर्ष मजूदरों की कमी के चलते मरम्मत का कार्य प्रभावित हो रहा है। इन दिनों मौसम बार-बार बदल रहा है, जिससे अब ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की छतें सुधारने मकान मालिक जुट गए हैं। दो तीन दिन के अंतराल में हो रही बारिश के साथ ही लोग मकानों की मरम्मत, छप्पर बदलने तथा झुग्गी झोपड़ी को प्लास्टिक और टीनों से ढंकने की जुगत में लग गए हैं।

**विलुप्त हो रहे खपरैल के घर :** आज के बदले दौर में खपरैल का अस्तित्व खत्म होने के कगार पर है। पूर्व में शहर सहित ग्रामीण अंचलों में घरों की पहचान खपरैल की महत्ता कम हो गई है। वर्तमान में गांवों में भी गिने-चुने ही मकान होंगे, जहां खपरैल की छत हों। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब लोग खपरैल की जगह पक्के मकान बना रहे हैं। एक समय था जब बारिश का सीजन आते ही खपरैल बनाने वालों के पास सांस लेने की फुर्सत नहीं होती थी लेकिन आज स्थिति यह है कि खपरैल की मांग लगभग नहीं के बराबर रह गई है। ऐसे में उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है।

**खबर संक्षेप**

### अरविंद अहिरवार हुए सम्मानित



**रायसेन।** बेगमगंज वनरेंजर अरविंद अहिरवार को हाल ही में पर्यावरण सुधार और उनके उत्कृष्ट कार्यों को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी द्वारा नई दिल्ली में आयोजित गरिमामय सम्मान समारोह में एवार्ड देकर सम्मानित किया गया है। इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा रेंजर श्री अहिरवार को गोल्ड ट्राफी प्रदान कर सम्मान किया जा चुका है।इसी तरह प्रदेश वन विभाग के मुखिया असीम श्रीवास्तव द्वारा भोपाल में गणतंत्र दिवस समारोह पर सम्मानित किया जा चुका हे ।साथ ही रायसेन डीएफओ द्वारा 7 बार, स्वंतत्रता दिवस ओर गणतंत्र दिवस समारोह में जिले के प्रभारी कैबिनेट मंत्रियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।,साथ ही केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद यादव द्वारा एक दैनिक अखबार से प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया अवॉर्ड से दिल्ली में सम्मानित किया । वहीं कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा उड़ान अवॉर्ड से भोपाल में गोल्ड कप और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

## एसडीआरएफ जवानों को बनछोड़ डैम में दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



होमगार्ड विभाग की ओर से बुधवार को दोपहर बाद होमगार्ड सैनिकों एसडीआरएफ जवानों, स्थानीय तैराकों को बनछोड़ डैम में बाढ़ से राहत बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जिला होमगार्ड कमांडेंट उमेश तिवारी ने बताया कि आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के अंतर्गत बनछोड़ डैम में होमगार्ड नगर सैनिकों एवं एसडीआरएफ के जवानों को मोटर वोट का चालन, तैराकी एवं बाढ़ बचाव उपकरणों का उपयोग करने की ट्रेनिंग दी गई। मानसून पूर्व यह प्रशिक्षण का सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बाढ़ के दौरान आम जनमानस को बाढ़ में फंसने पर सुरक्षित स्थान पर कैसे और कहां लेकर जाना है यह सबकुछ बताया गया। इस प्रशिक्षण में होमगार्ड के 25 जवान एवं एसडीआरएफ के पांच जवानों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण प्राप्त जवानों को आपदा प्रबंधन ड्यूटी में तैनात किया जाएगा

## सप्त दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव 22 से, तैयारियां पूर्ण

**नवनिर्मित मुनि सुब्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर में होगा आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के शक्ति नगर में नवनिर्मित मुनि सुब्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर के पंचकल्याणक आयोजित होने को लेकर समिति के द्वारा तैयारीयां पूर्ण हो गई हैं। कार्यक्रम को लेकर समिति ने बताया कि सप्त दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव 22 जून से 28 जून तक आयोजित होगा।

इस कार्यक्रम को लेकर दिन रात तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। आगामी तारीख को देखते हुए मौसम के हिसाब से एक बहुत बड़े क्षेत्र में डूम लगाया गया है। कार्यक्रम के दौरान यदि मौसम बिगड़ता है तो श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। साथ ही एक साथ 5000 लोगों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पूज्य समाधिस्थ आचार्यश्री विद्यासागर महामुनिराज के मंगल आशीर्वाद से नव निर्मित 1008 मुनिसुब्रत नाथ दिगम्बर जैन मंदिर के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव के भव्य आयोजन किया जा रहा है।



इस भव्य आयोजन में प्रतिष्ठाचार्य विनय भैया के निर्देशन में समस्त रूप रेखा पूर्ण हो चुकी है, मुनि अक्षय सागर महाराज जी एवं एलक उपशम सागर महाराज इस कार्यक्रम हेतु नगर में चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर स्थित संत भवन में विराजमान हैं।

## तेंदुए विचरण से दहशत कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

क्षेत्र के ग्राम नरखेड़ा, गीदगढ़ और कुल्हाड़िया में तेंदुए की सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते कुछ दिनों में तेंदुए को कई बार गांव के आसपास देखा गया है और इसने कई मवेशियों को शिकार भी बनाया है। एक तेंदुए और एक उसका शावक घूम रहा है तो वहीं गीदगढ़ नरखेड़ा में भी तेंदुए ने मवेशियों को शिकार बनाया है।

वन विभाग को लगातार तेंदुए की गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद अब सतर्कता के रूप में ग्राम नरखेड़ा की पहाड़ियों और आसपास के जंगलों में चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे हैं। कुलहाड़िया से नरखेड़ा मार्ग के पास एक प्रमुख स्थान पर बोर्ड लगाकर लोगों को सचेत किया गया है कि यह क्षेत्र तेंदुए का विचरण क्षेत्र है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे जंगल की ओर अकेले न जाएं, बच्चों और मवेशियों की निगरानी रखें तथा किसी भी तेंदुए की गतिविधि की तुरंत सूचना वन विभाग को दें।




ग्राम नरखेड़ा और कुल्हाड़िया सहित आसपास क्षेत्र में तेंदुए के बढ़ते आतंक से ग्रामीण परेशान और भयभीत हैं। गांव में तेंदुआ लगातार मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है। पिछले एक साल में तेंदुआ अब तक 23 मवेशियों पर हमला कर चुका है।

## सिंगल यूज पॉलिथिन पर प्रतिबंध लगा होने के बावजूद बाजार में बिक्री धड़ल्ले से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

विश्व पर्यावरण दिवस के दौरान आयोजित कार्यक्रम में जहां जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने अधिक से अधिक पौधारोपण एवं उनकी देखरेख और पर्यावरण संरक्षण को लेकर सिंगल यूज पॉलिथीन इस्तेमाल को लेकर लोगों को जागरूक करने का संकल्प दिलाया था।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने दैनिक आवश्यकताओं के दौरान पॉलिथीन का इस्तेमाल बंद कर कपड़े एवं जूट के थैले के इस्तेमाल करने को लेकर अपील की गई थी, लेकिन वर्तमान में स्थिति यह है कि नगर की छोटी हो या बड़ी किराना, जनरल, कपड़ा, ऑटो पार्ट्स, सब्जी, फल आदि अन्य दुकानों पर बड़ी मात्रा में पॉलिथीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसको लेकर पूर्व से नगर परिषद के द्वारा लोगों को समझाइश दी जा रही है।



दूसरी ओर जागरुक नागरिकों का मानना है कि जहां एक और सरकार के द्वारा सिंगल यूज पॉलिथीन इस्तेमाल को लेकर पूर्व से ही पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जा चुका है। बावजूद इसके नगर में प्रतिदिन पॉलिथीन के होलसेल विक्रेताओं के द्वारा बिक्री जारी है।


सड़क निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधि व छात्र संगठन हो रहे अक्षम साबित

# कॉलेज पहुंचने विद्यार्थियों को करनी पड़ रही मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

स्टेट हाइवे 44 से शासकीय पीजी कॉलेज तक जाने वाला एक किलो मीटर से भी कम लंबाई का रास्ता पूर्णतः कच्चा है। इस रास्ते का उपयोग प्रतिदिन कॉलेज जाने वाले छात्र- छात्राएं करते हैं, लेकिन उक्त रास्ते का निर्माण कराए जाने की मांग लगातार उठती रही है। ना तो जन प्रतिनिधियों और ना ही छात्र हितों के लिए संघर्ष करने का दावा करने वाले विद्यार्थी संगठनों ने सड़क निर्माण को लेकर कोई पहल की है। फलस्वरुप ऊबड़ खाबड़ रास्ते को पार कर विद्यार्थी अध्यापन कार्य हेतु कॉलेज तक पहुंच रहे हैं।

इस सड़क का उपयोग छात्र छात्राओं के अतिरिक्त नगरीय क्षेत्र की इंदिरा आवास कॉलोनी की करीब 2 हजार आबादी भी आवागमन के लिए करती है। इसी के साथ ही यह रास्ता अन्य ग्रामों के लिए भी जाता है। जहां के ग्रामीण विभिन्न कार्यों के लिए कमोवेश प्रतिदिन सिलवानी आते हैं। करीब एक किलो मीटर का रास्ता ऊबड़ खाबड़ व कच्चा होने से गड्ढों में तब्दील हो गया है। सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण ना होने से रहवासी मकानों का पानी सड़क पर फैल रहा है। सड़क के गड्ढों में भरा रहा पानी जहां आवागमन में परेशानी का कारण बन रहा है वहीं गंदे पानी से फैल रहे मच्छर संक्रामक बीमारी का कारण भी बन सकते हैं।



पीजी कॉलेज तक जाने वाली एक किलो मीटर से भी कम लंबाई वाली इस सड़क निर्माण को लेकर जन प्रतिनिधि व छात्र हितों की बात करने वाले अभाविप व एनएसयूआई जैसे छात्र संगठन भी मौन धारण किए हुए हैं। वर्तमान में एनएसयूआई का कॉलेज में कोई अस्तित्व नहीं देखा जाना बताया जा रहा है। हालांकि सड़क निर्माण की मांग विभिन्न मंचों पर उठ चुकी है, लेकिन किसी के भी द्वारा मांग को तबज्जो नही दी गई।

**छात्र-छात्राओं ने की मांग जल्द हो मार्ग का निर्माण**

*कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं लगातार विभिन्न मंचों से स्टेट हाईवे 44 से शासकीय पीजी कॉलेज तक पक्का मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग बीते कई वर्षों से करते आ रहे हैं, लेकिन विकास का दंभ भरने वाले जनप्रतिनिधि व सरकार के नुमाइंदे सड़क निर्माण कराने को लेकर संजीदा नही देखे जा रहे हैं। फलस्वरुप सडक का निर्माण एक स्वप्न बनता जा रहा है। विद्यार्थी राम कुमार, अशोक कुमार रघुवंशी, कृष्णकांत, समर्पित जैन, कल्पना, आभा, विमलेश आदि ने जिम्मेदारों से अतिशीघ्र सडक निर्माण कराने की मांग की है ताकि आवागमन सुविधाजनक हो सके।*

## विद्युत वितरण कंपनी में फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

बिजली वितरण कंपनी ने कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों की पद स्थापना मे फेरबदल किया है, जिसके तहत 10 जेई को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पदस्थ किया है।

मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जारी की गई तबादला सूची में जिले में पदस्थ रहे दस जेई को यहां से वहां पदस्थ किया गया है।

जानकारी के अनुसार सिलवानी में पदस्थ जेई भूरेलाल शाक्या को बेगमगंज पदस्थ किया गया है जबकि बेगमगंज में पदस्थ जेई मनीष कुमार अहिरवार को सिलवानी में पदस्थ किए जाने के आदेश जारी किए गए है। नए अधिकारियों से उपभोक्ताओं को उम्मीद है कि बिजली की समस्याओं में सुधार आएगा।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
रायसेन जिले में ऐजेन्सी देना है ।
सुल्तानपुर, बेगमगंज, देहगॉव, उदयपुरा, गैरतगंज, राजपुरा, खरगौन, विनेका, देवरी
सम्पर्क करें संदीप दुबे : 9826293534
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042